हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शनिवार, 30 दिसंबर 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण

www.livehindustan.com

PAGE NO 5. TOP RIGHT

एसआरएमएस के चेयरमैन बने उद्यमी रत्न

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने शुक्रवार को एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति को बरेली उद्यमी रत्न से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान नव वर्ष 2018 की डायरी का विमोचन भी किया गया। उद्यमियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार ने कहा कि आईआईए उद्यमियों की परेशानियों के साथ-साथ सामाजिक समस्याओं को भी दूर करने के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने नए बजट की तैयारी शुरू कर दी है।

इसमें उद्यमियों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य ने बरेली चैप्टर की जमकर तारीफ की। इस दौरान चैप्टर चेयरमैन चंद्रभूषण सक्सेना, सचिव आशुतोष शर्मा, अभिमन्यु खटवानी, भारत भूषण शील, मंडल अध्यक्ष मनोहर लाल धीरमानी, दिनेश गोयल, सुरेश सुंदरानी, घनश्याम खंडेलवाल, राजेश गुप्ता , उन्मुक्त संभव शील आदि लोग मौजूद रहे।

आईआईए ने एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति को बरेली उद्यमी रत्न से सम्मानित किया।